# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : प0नि0/II/883
दिनांक : 18.08.2025

## प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सब इंस्पेक्टर , शिक्षक एवं अन्य भर्तियों के दृष्टिगत रखते हुये वर्ष 2010 के पश्चात् तक के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को औपबन्धिक प्रमाण पत्र (प्रोविजनल सर्टीफिकेट) विश्वविद्यालय वेबसाइट ccsuniversity.ac.in को ओपन कर student portal पर जाकर विद्यार्थी अपनी प्रोविजनल सर्टीफिकेट हेतु आवेदन कर अपना प्रोविजनल सर्टीफिकेट डाउनलोड कर सकतें हैं। जिस विद्यार्थी का उक्त प्रणाली में सर्टिफिकेट डाउनलोड नही हो पाता है वह विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इंडियन बैक से निर्धारित प्रारूप का फार्म लेकर छात्र सहायता केन्द्र पर जमा कर अपना प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं।

यहां यह भी सूचित कराना है कि मूल उपाधि प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय वेबसाइट ccsuniversity.ac.in को ओपन कर student portal पर जाकर निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पूर्ण पते के साथ कर सकते हैं। आवेदन करने के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में उक्त उपाधि डांक द्वारा प्रेषित कर दी जायेगी। डाक विभाग द्वारा विलम्ब की स्थिति के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

18.8.25
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1– सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
2– वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
3– वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति के सूचनार्थ।
4– वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
5– वैयक्ति सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
6– प्रभारी विश्वविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
7– विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को छात्र हित में निःशुल्क समस्त दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
8– सुरक्षा प्रभारी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

परीक्षा नियंत्रक